सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया Coal India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# अपनी बात

अंक : 590 वर्ष 44 राँची, मार्च, 2023



# कोल इंडिया अध्यक्ष ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की




समीक्षा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, कोल इण्डिया लिमिटेड, श्री प्रमोद अग्रवाल साथ में सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआईएल, श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (टी/आर डी एंड टी), सीएमपीडीआई, श्री आर.एन. झा, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी), सीएमपीडीआई, श्री एस.के. गोमस्ता, निदेशक (टी/ईएस), सीएमपीडीआई, श्री शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पी एण्ड डी), सीएमपीडीआई, श्री अजय कुमार सहित सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के वरीय अधिकारीगण

विगत 02 मार्च को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआईएल, श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (टी/आर डी एंड टी), सीएमपीडीआई, श्री आर.एन. झा, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी), सीएमपीडीआई, श्री एस.के. गोमस्ता, निदेशक (टी/ईएस), सीएमपीडीआई, श्री शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पी एण्ड डी), सीएमपीडीआई, श्री अजय कुमार सहित सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुये कहा कि आप सभी बहुत ही अच्छा कर रहे हैं। श्री अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि कंपनी इस वित्तीय वर्ष में अपना लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होगी। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल को वित्तीय वर्ष 2022–23 में 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करना है तथा पिछले वर्ष की तुलना में फरवरी, 2023 तक उत्पादन में 11% का वृद्धि दर्ज किया है। सीसीएल के उच्च प्रबंधन खनन क्षेत्रों का नियमित दौरा कर कर्मियों को और अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

इससे पूर्व सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओ.बी. रिमुवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण, वाशरी के बारे में विस्तार से अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया।

"आम प्रयास से हम देश को एक नई महानता तक ले जा सकते हैं..." – सरदार बल्लभ भाई पटेल

# अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन

सीसीएल द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2023 से 18 मार्च, 2023 तक छह दिवसीय 'अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र क्रिकेट टूर्नामेंट' का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। सीसीएल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों की 13 टीमें भाग लिया।



क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कृत करते
कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (पी एंड आईआर) श्री विनय रंजन

उद्घाटन मैच टीम कोल इंडिया और टीम एनएलसीआईएल के बीच मेकॉन स्टेडियम, राँची में खेला गया। जिसमें टीम कोल इण्डिया ने टीम एनएलसीआईएल को 6 विकेटों से पराजित किया। उषा मार्टिन मैदान में खेले गए दिन के दूसरे मैच में एएआई ने एमडीएसएल को 7 विकेटों से हरा दिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 18 मार्च, 2023 को मेकॉन स्टेडियम में टीम एयर इण्डिया और टीम बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच खेला गया। टीम बैंक ऑफ बड़ौदा ने टीम एयर इंडिया को 3 विकेटों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

पूरे प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए श्री बबलू कुमार को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। एयर इंडिया के श्री लक्ष्य को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा के श्री के. पटेल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा श्री आकाश आंनद को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि आप खेल भावना का प्रदर्शन करते हुये जीत के लिए खेले। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन से बेहतर टीम भावना का निर्माण होता है साथ ही विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में कार्यरत कर्मियों को खेल कौशल दिखाने का अवसर भी मिलता है।

खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए फाइनल मैच के अवसर पर सीसीएल सीएमडी, श्री पीएम प्रसाद सहित कोल इंडिया के निदेशक



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते निदे. (का.), सीसीएल श्री हर्ष नाथ मिश्र

(पी एंड आईआर) श्री विनय रंजन एवं श्री रमेश सचदेवा उपस्थित थे । श्री विनय रंजन ने प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संचालन के लिए सीसीएल को बधाई दी। साथ ही दोनों फाइनलिस्ट टीमों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

सीसीएल के सीएमडी श्री पीएम प्रसाद ने कहा कि खेल खिला. ड़ियों में अनुशासन और टीम भावना पैदा करती है। उन्होंने आगे कहा कि सीआईएल के मार्गदर्शन में सीसीएल कर्मियों के बहुविमीय विकास तथा खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहेगा।

# सीसीएल द्वारा निःशुल्क एनीमिया जाँच शिविर का आयोजन

विगत 17 मार्च को भीठा बस्ती, कांके रोड, राँची में सीसीएल द्वारा निःशुल्क एनीमिया (खून की कमी) स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा 180 ग्रामीणों को जाँच एवं चिकीत्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में विशेषकर हिमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, हाईपरटेंशन का निःशुल्क जाँच की गयी जिसमें मधुमेह के 16 और एनीमिया के 80 मरीज मिले।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, डॉ. सुमन सिंह, सीएमओ इंचार्ज (सीएसआर), डॉ. अरूणा हेम्ब्रोम, डॉ. प्रीती तीग्गा, डॉ. प्रियंका झा, कमलेश पंडित, मुन्ना कुमार सिंह, मो. नजिर, हरमन खलको एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य शिविर पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त किया और इस आयोजन के लिए सीसीएल को धन्यवाद दिया।




निःशुल्क एनीमिया जाँच शिविर का एक दृश्य

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित कार्यशाला का आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित कार्यशाला का एक दृश्य

विगत 20 मार्च को सीसीएल मुख्यालय के 'कन्वेंशन सेंटर' में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित 'कार्यशाला' का आयोजन किया गया जिसका विषय "डिजिटऑल : इनोवेशन एंड टेक्नॉलोजी फॉर जेंडर इक्वालिटी" (DigitAll : Innovation and Technology For Gender Equality) था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती विमला प्रसाद, अध्यक्षा, अर्पिता महिला क्लब उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री, श्रीमती छूटनी महतो को सम्मानित किया गया। अवसर विशेष पर मुख्य वक्ता श्रीमती निशा उरांव, निदेशक, पंचायती राज, झारखंड सरकार, मुक्ति फाउंडेशन की संस्थापिका, श्रीमती रश्मि साहा, अर्पिता महिला क्लब की उपाध्यक्षा, श्रीमती निलू प्रसाद, श्रीमती रिता मिश्रा एवं बड़ी संख्या में सीसीएल मुख्यालय, विभिन्न क्षेत्रों एवं केंद्रीय अस्पतालों की 350 से अधिक महिला कर्मी उपस्थित थीं। सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थित से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

पद्मश्री श्रीमती छूटनी महतो ने अपने अनुभवों को साझा करते हुये कहा कि नारी हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि महिला जाग. रूकता के फलस्वरूप सामाज में फैली कुरितीयां तेजी से समाप्त हो रही है। उन्होंने महिला साक्षरता पर जोर देते हुये कहा कि साक्षर महिला ही लैंगिक भेदभाव को कम कर सकती है।

मुख्य वक्ता, श्रीमती निशा उरांव ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं किचेन से कैबिनेट तक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ है कि प्रत्येक महिला अपना निर्णय स्वयं लें। उन्होंने विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि महिलाओं में डिजिटल कौशल से सामाजिक समानता आयेगी।

मुक्ति फाउंडेशन की संस्थापिका, श्रीमती रश्मि साहा ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं कठिन बाधाओं को पार करते हुए हर क्षेत्र में स्वयं को सफलतापूर्वक स्थापित कर दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने का काम कर रही है।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि महिलाओं ने समाज में व्याप्त रूढ़ियों को तोड़ते हुये आज डम्पर ऑपरेटर, माइंनिंग इंजीनियर तथा अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे पुरूष प्रधान समझा जाता था वहाँ भी पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही हैं।

अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने नारी शक्ति को नमन करते हुये कहा कि नारी ममता, त्याग एवं शक्ति का प्रतीक है और महिलाओं ने अपने योगदान एवं कार्य से सीसीएल को गौरवान्वित किया है।

सीसीएल की महिला कर्मियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य, लावणी नृत्य तथा गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अवसर विशेष पर 18 महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का स्वागत संबोधन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध/भर्ती/समाधान) सुश्री रश्मि दयाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध/भर्ती/समाधान) सुश्री रश्मि दयाल एवं श्रीमती अर्चना सिन्हा, श्रीमती कविता गुप्ता, श्रीमती विभा उरांव, डॉ. मिता पॉल, श्रीमती केया मुखर्जी एवं महिला मंडल की अन्य सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा। मंच संचालन सुश्री राखी गुप्ता एवं श्रीमती रूपा दास ने किया।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस राँची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक विगत 21 मार्च को सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी. एम. प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीसीएल में राजभाषा के क्रियान्वयन में हुई प्रगति पर चर्चा की गई । इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र सहित मुख्यालय एवं क्षेत्र के राजभाषा के नोडल अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी से कहा कि हिंदी में कार्य करना कठिन नहीं है। हमें छोटे–छोटे कार्यों को हिंदी में करने से बड़ा कार्य हिंदी में आसानी से हो जाएगा । उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि हमारा कार्यालय "क" क्षेत्र में अवस्थित होने के कारण हमारी जिम्मेवारी बनती है कि हम ज्यादा–से–ज्यादा कार्य राजभाषा हिंदी में ही करें तभी हम राजभाषा के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं ।

अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने उद्गार में कहा कि हम सभी का यह संवैविधानिक दायित्व है कि अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करें। हमें अपने कर्मियों के बीच जागरूकता लाने की जरूरत है जो विभाग हिंदी में कम कार्य कर रहे हैं, उनको आगे लाने की आवश्यकता है ताकि हम भारत सरकार, राजभाषा विभाग के द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार लक्ष्यों को हासिल कर सकें ।

बैठक का संचालन श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (राजभाषा) ने किया तथा बैठक को सफल बनाने में सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री बलि राम सिंह, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री दिविक दिवेश एवं अन्य का सक्रिय सहयोग रहा।

# कोल इंडिया मैराथन सफलतापूर्वक संपन्न

## 5500 से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा




कोल इण्डिया मैराथन के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथिगण

विगत 26 मार्च को बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोराबादी, राँची में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीसीएल द्वारा अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक 'कोल इंडिया मैराथन' का सफलतापूवर्क आयोजन किया गया। इस मैराथन में झारखंड राज्य सहित देश भर से 5500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन में भारतीय सेना के स्ट्राइकर ब्रिगेड के 250 से अधिक जवानों ने भी इस दौड़ में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पद्मश्री साईनी विल्सन, एथलिट, पद्मश्री ज्योतीर्मयी सांदगी, पर्वतारोही, पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल, माननीय सांसद, राज्य सभा श्री आदित्य साहू, माननीय विधायक, काँके, श्री समरी लाल, कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल, प्रिंसिपल सचिव, झारखंड सरकार, श्री कमल किशोर सोन, आईएएस श्रीमती अराधना पटनायक, आईएएस, श्री अबु बकर सिद्दिकी, निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया, श्री विनय रंजन, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, कोल इंडिया की प्रथम महिला, श्रीमती रेणु अग्रवाल, अर्पिता महिला क्लब की अध्यक्षा, श्रीमती बिमला प्रसाद, उपाध्यक्षा, श्रीमती इंदु मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री रामबाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार, पूर्व सीएमडी, श्री गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

कोल इंडिया मैराथन का शुभारंभ, कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल, प्रधान सचिव श्री कमल किशोर सोन, आईएएस श्रीमती अराधना पटनायक, सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री रामबाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य ने हरी झण्डी दिखाकर किया। मैराथन सुबह 4:30 बजे बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोराबादी से शुरू होकर काँके रोड होते हुये पुनः मोराबादी में संम्पन्न हुआ। कोल इंडिया द्वारा इस प्रतियोगिता में 29 लाख रुपए से अधिक की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया। यह मैराथन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों – फुल मैराथन (42.195 कि.मी.), हाफ मैराथन (21.098 कि.मी.), 10 कि.मी. एवं 5 कि.मी. में आयोजित किया गया।

विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं : पुरूष वर्ग में 42.195 किलोमीटर की फुल मैराथन में प्रथम अर्जुन टुड्डू, द्वितीय अनिल कुमार सिंह, तृतीय कुलदीप सिंह, इसी तरह हाफ मैराथन (21.098 किलोमीटर) में प्रथम प्रिंस कुमार, द्वितीय मो. नुर हसन, तृतीय रंजीत कुमार पटेल।

इसी तरह महिला वर्ग में फुल मैराथन में प्रथम सोनिका, द्वितीय तमसी सिंह, तृतीय निरमाबेन भरतजी ठाकुर, इसी तरह हाफ मैराथन (21.098 किलोमीटर) में प्रथम रिमा पटेल, द्वितीय नितू कुमारी, तृतीय पुनम दिनकर सोनुन।

कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने सभी विजय प्रतिभागियो को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि मैराथन दौड़ से शारीरिक फिटनेस के साथ–साथ एकजुटता की भावना का विकास होता है। उन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े आयोजकगण को भी बधाई दिया और कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये धावको ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया है।



प्रतिभागियों को सम्बोधित करती पद्मश्री साइनी विल्सन



मैराथन का वेबसाइट उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशकगण

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण दिवस है झारखण्ड में पहली बार एथलेटिक फेडरेशन के तकनीकी सहयोग से कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया है। उन्होंने देशभर से आये धावको/प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि कोल इंडिया के मार्गदर्शन में सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ समाज एवं राष्ट्र के समावेशी विकास के लिए सदैव तत्पर है, इसी कड़ी में मैराथन का आयोजन किया गया।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी का आभार प्रकट करते हुये कहा कि कोल इंडिया मैराथन को लेकर हम सभी काफी उत्साहित थे। श्री मिश्र ने कहा कि राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं आमजनों के सहयोग से ही कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हुआ है।

सीसीएल द्वारा मैराथन के दौरान आपातकालीन चिकित्सीय सेवा हेतु मेडिकल टीम का प्रबन्ध किया गया था। साथ ही सीसीएल के 160 सुरक्षा कर्मी, एथलेटिक्स फेडरेशन के 100 से अधिक कर्मी तकनीकी सहयोग के लिए तत्पर थे। सीसीएल ने कार्यक्रम के सम्पन्न होने के साथ ही सफाई एवं स्वच्छता के साथ स्टेडियम को वापस किया। टीम इंडिया के भूतपूर्व खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर और अशोक पंडित जैसे दिग्गजों ने सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश देकर लोगों को प्रतिभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।



विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अध्यक्ष, कोल इण्डिया, श्री प्रमोद अग्रवाल

# आशा मालवीय को साइकिल प्रदान किया गया

महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए देश का भ्रमण पर निकली साइकलिस्ट आशा मालवीय का झारखण्ड में साइकल खराब हो गया। सूचना मिलते ही मैराथन के अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल, सीएमडी सीसीएल, निदेशकगण एवं अन्य अतिथिगण के गरिमायी उपस्थिति में सीसीएल ने सीएसआर के तहत साइकलिस्ट आशा मालवीय को एक नयी साइकिल प्रदान किया। आशा मालवीय ने अबतक 12 राज्यों में 10 हजार किलोमीटर से अधिक साइकिल द्वारा यात्रा की है।

# सीसीएल से 76 कर्मी सेवानिवृत्त हुए, ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 5 (पाँच) कर्मियों : सर्वश्री/श्रीमती सतीश कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, मनी शंकर पाठक, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, सतीश प्रहर्शन, कार्यालय अधीक्षक ए–1, ई एण्ड एम विभाग, रंजना सहाय, क्लर्क ग्रेड 1 तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से डॉ. संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आज सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। मार्च माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 76 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अपने–अपने कार्यानुभवों पर आधारित व्यक्त किए गए विचारों को एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) बनाकर 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उँचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी की सफलता में आपका योगदान सराहनीय है। आपके मेहनत, लगन और कत्वर्यनिष्ठा से कंपनी उत्तरोतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। श्री मिश्र ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Around 5500 runners from across #India flocked #Ranchi on 26/03/23 gushing with enthusiasm as they paced towards their goal for the Coal India Marathon. Entire city experienced the extravaganza.
Thank You all for making it a huge success.
@CoalMinistry @CoalIndiaHQ @JoshiPralhad




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#TeamCCL organised a workshop on Innovation and Technology for Gender equality. Padma Shri Ms Chutni Mahto along with Ms Nisha Oraon,IRS and life coach Ms Rashmi Saha graced the occasion and shared their thoughts.
Female achievers of the company were felicitated on the occasion



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

CCL production reaches a historic high.

Shattering all the records, #TeamCCL on 15/03/23 surpassed its previous best production of 68.85MT achieved in the last FY.

@CCLRanchi we strive to push our boundaries and fulfil the energy demands of the country.#AtmaNirbharBharat




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

New Record in coal dispatch..

#TeamCCL created history on 24/03/23 by recording the highest ever dispatch of 2.42 Lakh Tonnes in a day to the power sector. Also, the highest daily dispatch of 2.95 Lakh Tonnes in the current #Fy was achieved on the date.
Congratulations!




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित।
(आंतरिक वितरण हेतु)